**GRADE - X** **HINDI**

**TIME: 3 HOURS** **PRE BOARD 1** **MM: 80**

**GENERAL INSTRUCTIONS :**

*( Answer to this paper must be written on the paper provided separately)*

*You will not allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

*This time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answer.*

---

*This paper comprises of two section- section A and section B .*

*Attempt all the questions from section A and B*

*The intended marks for questions or part of questions are given in bracket ( )*

---

**SECTION - A (40 MARKS)**

**(Attempt all questions from this Section)**


**Q 1 Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics:**

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए: **[15]**

1. समाज में अपना महत्व बनाए रखने के लिए तीज त्योहारों का वर्णन कीजिए ।
2. आज विज्ञान तो प्रगति पर है लेकिन पढ़े–लिखे लोगों में भी वैज्ञानिक दृष्टि का अभाव है । इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।
3. आज महानगरों में बड़े–बड़े ' शॉपिंग मॉल ' स्थान–स्थान पर दिखाए देते है । इतने शॉपिंग मॉल बनने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए एक प्रस्ताव लिखिए कि जब आप अपने परिवार के साथ किसी मॉल को घूमने गए तो आपको वहा किन–किन चीजों ने आकर्षित किया तथा वहाँ आपने क्या–क्या खरीदा ?
4. आपने वहाँ की स्थिति देखी और आपके मुँह से निकला अरे! ऐसा भी होता है क्या ? इस वाक्य से आरम्भ अथवा अन्त करते हुए एक मौलिक कहानी लिखिए।

Downloaded From www.icseboard.org

5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए तथा चित्र के आधार पर कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से हो।



**Q 2 Write a latter in Hindi of approximately 120 words on any one of the topics given below:** **[7]**

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:

1. दूरभाष का बिल बहुत अधिक आ जाने के कारण दूरभाष विभाग के अधिकारी को बिल की पुनः जाँच करने की प्रार्थना करते हुए एक आवेदन पत्र लिखिए ।
2. पिछले महीने कुछ प्रयासों द्वारा आपने विद्यालय के छात्रों ने कुछ धनराशि एकत्रित करके मूक–बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों की सहायता की थी । इसका वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए और बताइए कि हमे समाज के विकलांग लोगो के प्रति कैसा व्यवहार रखना चाहिए व उनकी सहायता के लिए किस प्रकार के प्रयोग करने चाहिए ।

Downloaded From www.icseboard.org

**Q 3 .Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow , using your own words as far as possible :-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।: **[10]**

आत्मविश्वास का सबसे बड़ा दुश्मन है - दुविधा, क्योंकि दुविधा एकाग्रता को नष्ट कर देती है और आदमी की शक्ति को खंडित कर देती है। बस वह आधा इधर और आधा उधर इस तरह विभाजित हो जाता है। मेरे एक मित्र अपनी पत्नी के साथ जंगल में एक पेड़ के नीचे बैठे बात कर रहे थे। बात करते-करते पत्नी सो गई , वह उपन्यास पढ़ने लगे। अचानक उन्हें लगा कि सामने से भेड़िया चला आ रहा है - उन्हीं की तरफ। भेड़िया एक खूंखार जानवर है। वह इतनी घबरा गए थे की वह पत्नी को सोता हुआ छोड़कर ही भाग खड़े हुए । भाग्य से कुछ ही दूरी पर ही उन्हें एक बंदूक भारी सज्जन मिल गए। वह उनके पैरों में गिर पड़े। " मेरी पत्नी को बचाइए , भेड़िया उसे खा रहा है। " वह गिड़गिड़ाएं।

शिकारी दौड़ा - दौड़ा उनके साथ पेड़ के पास आया, उनकी पत्नी यथा पूर्व सो रही थीऔर 'भेड़िया' उसके पास रखी टोकरी में मुंह डालें पुरिया खा रहा था । " कहां है भेड़िया ?" शिकारी ने बंदूक साधते हुए पूछा , तो कापते हुए वह बोले-" वह तो है सामने।" शिकारी बहुत जोर से हंस पड़ा- "भले मानस, वह बेचारा कुत्ता है।" क्या बात हुई है यह? वह की ने उन्हें आत्मविश्वास हीन कर दिया।

कृष्ण ने महाभारत में सर्वोत्तम काम यही किया कि पांडवों को उन्होंने आत्मविश्वास से भर दिया। वह अपने कार्य के महत्व को समझते थे,तभी तो पूरे आत्मविश्वास के साथ उन्होंने अर्जुन से कहा था-"परेशान मत हो, युद्ध कर, निश्चित रूप से युद्ध में अपने शत्रुओं पर विजय पाएगा।"

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जब आई .सी. एस. की प्रतियोगिता में बैठे, तो अंग्रेजी परीक्षक ने पूरी तेजी से घूमते हुए बिजली के पंखे की ओर इशारा कर उनसे पूछा, " क्या इसकी पंखुड़ियां गिनी जा सकती है ?" सुभाष बाबू ने पंखा बंद कर दिया और बोले, "जी हां, सुगमता के साथ।" परीक्षक प्रसन्न हो गया, पर उसने उन्हें एक बार और कसौटी पर रखा। उन्होंने अपनी अंगूठी उनके सामने रखकर पूछा, "क्या इसमें से सुभाष चंद्र बोस पार हो सकता है ?" सुभाष बाबू ने अपने नाम का विजिटिंग कार्ड निकाला और मोड़कर उसमें से पार करते हुए कहा," जी इस तरह।"

यह है अटूट आत्मविश्वास। उसके अभाव में यदि वह घबरा जाते और ऊंट पटांग जवाब देते, तो फेल हो जाते।

दूसरे हमारी क्षमता का विश्वास करें और हमारी सफलता को निश्चित माने, इसके लिए आवश्यक शर्त यह है कि हमारा अपनी क्षमता और सफलता में अखंड विश्वास हो।

Downloaded From: www.icseboard.org

1. आत्मविश्वास का सबसे बड़ा दुश्मन क्या है और क्यों ?
2. लेखक के मित्र ने कुत्ते को भेड़िया समझकर क्या किया ? उनके साथ ऐसी घटना क्यों घटी ?
3. सुभाष चंद्र बोस पहली बार अपने परीक्षक की कसौटी पर खड़े कैसे उतरे ? दूसरी बार परीक्षक ने उनसे क्या पूछा और सुभाष चंद्र बोस ने क्या किया ?
4. श्री कृष्ण ने महाभारत में सबसे बड़ा कार्य क्या किया था ? उन्हें अर्जुन से क्या कहा था?
5. इस गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

**Q 4 Answer the following according to the instruction given:**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार बताएँ।

1. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'उषा' का विलोम है? **[1]**

   क. प्रातः    ख. संध्या    ग. रात    घ. दिन

2. किनारा का पर्यायवाची ---- **[1]**

   क. कुल–कूल    ख. कगार–कूल    ग. तट–द्वीप    घ. तीर–धनुष

3. 'बंधु' की भाववाचक संज्ञा बनाइए। **[1]**

   क. बंधना    ख. बंधान    ग. बंधुत्व    घ. बंधनं

4. 'अनुशरण' का शुद्ध रूप--- **[1]**

   क. अनूशरण    ख. अनुसरण    ग. अनुशरन    घ. अनुशरण

4. 'श्रम' का विशेषण ----- **[1]**

   क. श्रमीक    ख. परिश्रम    ग. श्रमक    घ. श्रमिक

6. निर्देशानुसार उचित वाक्य बनाइए – **[1]**

   रोम का राजा भीषण रोग से पीड़ित हो गया।(वाक्य में 'कर दिया' का प्रयोग कीजिए)

   क. रोम के राजा को भीषण रोग ने पीड़ित कर दिया ।

   ख. रोम के राजा को एक भीषण रोग ने पीड़ित कर दिया।

   ग. रोम के राजा को एक भयानक रोग ने पीड़ित कर दिया।

   घ. रोम के राजा को एक रोग ने भयानक पीड़ित कर दिया।

7. 'गुफा' का तत्सम शब्द बताइए– **[1]**

   क. गोह    ख. सुरंग    ग. गुहा    घ. इनमे से कोई नहीं

Downloaded From www.icseboard.org

8. मुहावरे का अर्थ लिखिए ( घड़ो पानी पड़ना) [1]

क. गीला हो जाना ख. लज्जित हो जाना ग. ठंडक महसूस होना घ. आनंदित होना

**SECTION B (40 MARKS)**

**(Attempt four questions from this Section)**

**साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियां)**

**Q 5 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

"इधर –उधर देखकर उसने एक स्टूल सरकाकर रखा और चढ़कर कोट की जेबें टटोली । उनमे से एक चवन्नी का आविष्कार करके वह तुरन्त वहाँ से भाग गया ।"

'काकी' सियारामशरण गुप्त

1. किसने स्टूल सरकाया और उसने किसकी कोट की जेब टटोली? [2]
2. उसने कोट से क्या निकाला और क्यों निकाला ? [2]
3. क्या वास्तव में उससे कोई अपराध हो गया था ? [3]
4. उसने अपने मित्र को अपनी कौन सी योजना बताई और मित्र ने क्या सुझाव दिया? [3]

**Q 6 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

"एक दिन तेरी पाठशाला का चित्र बनाना होगा । लोगों कों दिखाया करेंगे कि हमारी एक मित्र साहिबा थी जो बस्ती के चौकीदारों ,नौकरों और चपरासियों को ही पढ़ा–पढ़ाकर ही अपनें को भारी पंडिताइन और समाज सेविका समझती थी ।"

'दो कलाकार ' मन्नु भण्डारी

Downloaded From www.icseboard.org

1. यहाँ वक्ता कौन है और श्रोता कौन है ? [2]
2. इसने उसकी पाठशाला का चित्र बनाने के विषय में क्या कहा ? [2]
3. 'पंडिताइन' और ' समाजसेविका' शब्दों से आप क्या समझते है ? ऐसा यहाँ क्यों कहा गया है ? लिखिए । [3]
4. दो कलाकार कहानी का उद्‌देश्य लिखिए । [3]

**Q 7 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निमलिखित गद्‌यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

" भाई नाम तो तुम्हारा लिख लेता हूँ पर जल्दी नौकरी पाने की आशा मत करना ।"

'भीड़ मे खोया आदमी ' लीलाधर शर्मा पर्वतीय

1. उपर्युक्त संवाद किसने , किससे और कब कहा ? [2]
2. लेखक ने दीनानाथ को नौकरी के प्रसंग में क्या परामर्श दिया ? [2]
3. रोजगाार कार्यालय की दशा कैसी थी ? कारण सहित लिखिए । [3]
4. पाठ का उद्‌देश्य लिखिए । [3]

## साहित्य सागर ( पद्य )

**Q 8 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

Downloaded From www.icseboard.org

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की, 'बरस बाद सुधि लीन्ही'––
बोली अकुलाई लता ओंट हो किवार की,
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के ।
क्षितिज अटारी गहराई दामिनी दमकी ,
क्षमा करों गाँठ खुल गई अब भरम की ,
बाँध टूटा झर–झर मिलन के अश्रु ढरके ।
मेघ आए बड़े बन –ठन के सँवर के

'मेघ आए' सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

1. 'जुहार' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि पीपल को बूढ़ा कह कर संबोधित क्यों किया गया है? [2]

2. 'लता' किसका प्रतीक है वह किसको उलाहना दे रही है? [2]
3. 'हरसाया ताल लाया पानी परात भरके ' पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए । [3]
4. ' क्षितिज अटारी गहराई ' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि किसने किससे क्षमा माँगी और क्यों ? [3]

**Q 9 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

वह आता–– दो टुक कलेजे के करता , पछताता पथ पर आता ।
पेट पीठ मिलकर दोनो एक , चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठी भर दाने को – भूख मिटाने को
मूँह फटी पुरानी झोली का फैलाता –
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता ।।

'भिक्षुक' सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

1. यहाँ किसके आने की बात की जा रही है उसकी स्थिति स्पष्ट कीजिए ? [2]

Downloaded From www.icseboard.org

2. 'दो टूक कलेजे के करता' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । [2]

3. वह किस प्रकार चलता है? तथा अपनी भूख मिटाने के लिए क्या–क्या करता है? [3]

4. 'पेट पीठ मिलकर दोनों एक है' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिऐ [3]

**Q 10 Read the extract given below and answer in Hindi the question that follow-**

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए–

जीवन अपूर्ण लिए हुए , पाता कभी ,खोता कभी

आशा–निराशा से घिरा ,हँसता कभी रोता कभी

गति–मति न हो अवरुद्ध , इसका ध्यान आठों याम है।

चलना हमारा काम है ।

' चलना हमारा काम है' शिवमंगल सिंह सुमन

1. कवि ने जीवन को अपूर्ण क्यों कहा ? आठो याम का अर्थ स्पष्ट कीजिए । [2]
2. उपर्युक्त पंक्तियों में जीवन की किन–किन विशेषताओं की ओर संकेत किया गया है? [2]
3. 'गति–मति न हो अवरुद्ध'–पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। [3]
4. उपर्युक्त पंक्तियों द्वारा कवि मनुष्य को क्या प्रेरणा दे रहा है? [3]

Downloaded From www.icseboard.org